

फेनेस्टा ने लॉन्च की कॉर्नर स्लाइडर रेंज

नई दिल्ली। भारत में खिड़कियों और दरवाज़ों के नम्बर 1 ब्राण्ड फेनेस्टा (डीसीएम श्रीराम ग्रुप का एक भाग) ने हाल ही में अपनी 'कॉर्नर स्लाइडर' रेंज का लॉन्च किया है। बेहद मजबूत और हैवी ड्यूटी स्लाईडर इंटेग्रेटेड बग स्क्रीन के साथ आता है। यह प्रभावी सीलिंग को सुनिश्चित करता है और साथ ही कीड़े, शोर, बारिश और धूल से भी बचाता है। फेनेस्टा कॉर्नर स्लाइडर रेंज, घर के किसी कोने में मौजूद बालकोनी या गार्डन स्पेस को एक बेहतरीन कोने में बदल देता है। इन्हें इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि इनमें बहुत अच्छी रोशनी आए। इसका इस्तेमाल आर्कीटेक्चर फीचर के रूप में भी किया जा सकता है। यह स्लाइडर जहां एक ओर कमरे को स्पेशियस बनाता है वहीं दूसरी ओर आप आस-पास की खूबसूरती का आनंद भी ले सकते हैं।